जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/236 दिनांक : 28.02.2020

// अत्यावश्यक - पत्र //

प्रति,

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र **(प्रायोगिक परीक्षा दिसम्बर, 2018 की सूची के अनुसार)**
जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र ग्वालियर (म.प्र.)

विषय :- B.ED. Ist & B.Ed. IIIrd Semester Practical Exam Dec., 2019 की प्रायोगिक परीक्षाएं सम्पन्न कराकर प्रायोगिक अंक ऑनलाइन अपडेट कर अपडेटेड अंको की सूची दिनांक 04.03.2020 तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करने बाबत् आवश्यक निर्देश।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालयीन **B.ED. Ist & B.Ed. IIIrd Semester Practical Exam Dec., 2019** की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु **बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा दिसम्बर, 2018 की सूची** के अनुसार ही प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र मान्य किए गये है साथ ही बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएं दिसम्बर, 2018 हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आपके महाविद्यालय को प्रेषित पत्र के अनुसार नियुक्त बाह्य परीक्षकों से ही बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा दिसम्बर, 2019 सम्पन्न करायी जाना हैं।

साथ ही समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि बाह्य परीक्षक द्वारा प्रायोगिक परीक्षा के लिए जा रहे बायवा की विडियोग्राफी कराकर विडीयो सीडी, अंकों की हॉर्ड कॉपी के साथ अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा करेंगे।

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों (प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र) को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र पर सम्मिलित होने वाले महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों की **प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपने महाविद्यालय के कम्प्यूटर पर ऑन लाइन अपडेट करा कर अपडेट किये गये अंकों की सूची की प्रिंट आउट** लेकर प्राप्त सूची पर बाह्य परीक्षक, आंतरिक परीक्षक **(प्रायोगिक परीक्षा दिसम्बर, 2019)** एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष (प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र) के हस्ताक्षर कर अंकों की हार्ड कॉपी एवं प्रायोगिक परीक्षा दिसम्बर, 2018 में विश्वविद्यालय द्वारा जारी बाह्य परीक्षक की नियुक्ति पत्र की स्वच्छ प्रति सहित दिनांक **04.03.2020** तक विश्वविद्यालय कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करावें। प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की हार्ड कॉपी पर बाह्य परीक्षक का मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी भी अनिवार्य रूप से अंकित की जावे। यदि अंकों की हार्ड कापी पर बाह्य परीक्षक का मोबाइल नम्बर अंकित नहीं होगा तो प्रायोगिक अंकों की हार्ड सूची को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

प्रायोगिक परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन अपडेट करने हेतु जिन महाविद्यालयों के परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं उन महाविद्यालयों के कम्प्यूटर ऑपरेटर आपके महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक अंकों को ऑनलाइन अपडेट करेंगे।

यदि विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा दिसम्बर 2018 हेतु नियुक्त बाह्य परीक्षकों से भिन्न किसी बाहृय परीक्षक से प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करायी जाती है तो **विश्वविद्यालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।** अन्यथा प्रायोगिक परीक्षा के अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं किया जावेगा।

नोटः- बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा हेतु नियुक्त बाह्य परीक्षकों को यह निर्देशित किया जाता है कि वह अधिकतम तीन प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र पर ही प्रायोगिक परीक्षाऐं सम्पन्न करा सकेंगे।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग की अपेक्षा के साथ।

भ व दी य

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. सहा./उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)